सार-समाचार

सचिन पायलट ने संवेदना जताई



रामदेव गुर्जर

मदनगंज-किशनगढ़, (निसं.)। पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट ने शिवाजीनगर निवासी पूर्व पार्षद कद्दावर नेता बाबा रामदेव गुर्जर के आकस्मिक निधन पर संवेदना व्यक्त की। पायलट ने परिजनों को पत्र प्रेषित कर दु:खद घड़ी में सांत्वना देते हुए बाबा के निधन पर गहरा दुख जताया। वरिष्ठ कांग्रेस नेता बाबा रामदेव गुर्जर के आकस्मिक निधन पर घर श्रद्धा सुमन अर्पित करने के लिये समाज बंधु सहित लोगों का तांता लगा हुआ है। दिवंगत बाबा रामदेव गुर्जर के भांजे एडवोकेट राजेश गुर्जर ने उपरोक्त जानकारी दी।

न्यायालय व उप कारागृह में योग किया

ब्यावर, (निसं) तालुका विधिक सेवा समिति एवं अभिभाषक संघ, ब्यावर के संयुक्त तत्वाधान में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर बार संघ हॉल, न्यायालय परिसर, ब्यावर में योग शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश ब्यावर डॉ. जीतेन्द्र सांवरिया, अति. मुख्य न्यायिक मजि. सं.2, राजेश्वर विश्नोई, न्यायिक मजिस्ट्रेट सं.1, श्रीमती नीतू, बार संघ अध्यक्ष व वरिष्ठ अधिवक्ता टीकमसिंह चैहान, सचिव तुषार दुबे, उपाध्यक्ष राकेश प्रजापति व न्यायालय कर्मचारीगण उपस्थित रहे। पतंजली योग पीठ से प्रशिक्षित योग गुरू भारतेन्द्र श्रीमाली ने योग करने के लाभों की विस्तृत जानकारी देते हुए उपस्थितजन को प्राणायाम, अनुलोम-विलोम, कपालभाती, सूर्य नमस्कार आदि योग सिखाये। न्यायाधीश डॉ. जीतेन्द्र सांवरिया ने कार्यक्रम का संबोधन करते हुए बताया कि नकारात्मक मानसिकता से बाहर निकलने की दृष्टि से योग एक महत्वपूर्ण घटक सिद्ध हो सकता है। वरिष्ठ अधिवक्ता नरपतसिंह रावत ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए बताया की अन्तराष्ट्रीय योग दिवस प्रतिवर्ष 21 जून को मनाया जाता है। यह दिन वर्ष का सबसे लंबा दिन होता है योग भी मनुष्य को दीर्घ जीवन प्रदान करता है। स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क निवास करता है। इस अवसर पर उपकारागृह, ब्यावर में पैरालीगल वालंटियर संजय सिंह गहलोत व कृष्णा योग मंच के प्रशिक्षक गण आनंद कुमावत, कुन्दन बिहारी शर्मा व सोनू अठावाल ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के साथ अंतरराष्ट्रीय संगीत दिवस मनाया। बंदीगण की आपराधिक प्रवृति कम करने तथा तनावमुक्त जीवन हेतु योग प्रशिक्षण के पश्चात प्रेरणास्पद गीत भी प्रस्तुत किये।आनंद कुमावत और संजय सिंह ने संयुक्त रूप से बताया की योग बहुत सरल, आसान और प्रभावशाली तरीका है जिसे आराम से बैठकर रोजाना किया जा सकता है तथा व्यवहार और सोच में स्थाई बदलाव लाया जा सकता है।योग की तरह संगीत भी मानसिक तनाव को कम करते हुए मन को प्रसन्नता प्रदान करते हुए प्रफुलित करता है बंदियों ने भी सामूहिक रूप से गीत गुनगुनाये। मनोचिकित्सक भी मानसिक रोगियों को हल्का और मधुर संगीत सुनने की सलाह देते है और यह कारगार भी साबित हुआ है। उपकारागृह प्रभारी चतुर्भुज जाट, कर्मचारीगण मनोज, राजेश, दिलीपसिंह, बीना आदि उपस्थित रहे।

एनर्जी एफिशिएंसी को अंतिम नोटिस

ब्यावर, (निसं) उपखंड अधिकारी व नगर परिषद आयुक्त मृदुल सिंह ने बताया कि एनर्जी एफिशिएंसी लिमिटेड कंपनी, नई दिल्ली से राज्य सरकार के निर्देशानुसार नगर परिषद द्वारा 10-04-2015 को नगर परिषद ब्यावर की सीमा क्षेत्र में विद्युत पोलो पर एलईडी लाईटो की स्थापना तथा उनके संधारण का 7 वर्ष का अनुबन्ध हस्ताक्षिरत किया गया था। इस कंपनी को समय-समय पर पूर्व मे स्थापित की गई एलईडी लाईटो के उपकरणों की मरम्मत तथा प्रभावी संधारण हेतु पत्र प्रेषित किये गये, किन्तु कम्पनी के क्षेत्रीय प्रबन्धक तथा वेन्डर द्वारा कोई संतोषप्रद अनुपालना नहीं करने पर कम्पनी को पूर्व में अनेकों नोटिस व पत्र भी भेजे जा चुके हैं ।श्री सिंह ने बताया की इसके बावजूद कम्पनी द्वारा नगर पालिका की सीमा क्षेत्र में स्थापित एलईडी लाईटों मे से अधिकांश लाईटो का रख-रखाव, संधारण एवं खराब उपकरणों का प्रतिस्थापन नही करने से नगर के अधिकांश क्षेत्रों में सुचारू रोशनी व्यवस्था बाधित रहती है तथा स्थानीय जनता उपापन की विषय वस्तु के लाभ से वंचित रहती है। उन्होंने बताया कि नगर परिषद द्वारा इसका संज्ञान लिया गया है कि कम्पनी द्वारा रोशनी व्यवस्था हेतु अनुबंध पत्र की शर्तों अनुसार कार्रवाई नहीं की गई है । कम्पनी की चूक के फलस्वरूप प्रदत अधिकार का प्रयोग करते हुए दिनांक 22-06-2023 को कंपनी को 30 दिवसीय अंतिम नोटिस के जरिए अनुबन्ध समाप्ति का पत्र जारी किया गया है।

लायंस क्लब ने योगाभ्यास कराया

अजमेर, (कासं)।अंतरराष्ट्रीय योग दिवस जोकि भारत की विश्व को देन हैं इस अवसर पर लायंस क्लब अजमेर प्रीमियम के सदस्यों ने राजा साइकिल चौराहा स्थित रेल उद्यान में योग दिवस का कार्यक्रम आयोजित किया गया। लायंस माकैटिंग के डिस्ट्रिक चेयरपर्सन लायन राजेंद्र गांधी ने बताया कि इस अवसर पर आमजन को योग के बारे में जागरूक करने के उद्देश्य से योग कार्यक्रम आयोजित किया गया। साथ ही एक सप्ताह तक योग गतिविधियां अयोजित की जायेगी। क्लब अध्यक्ष लायन अजय गोयल ने योग से होने वाले लाभ के बारे में बताते हुए सभी उपस्थित जन को प्रतिदिन योग करने की सलाह देते हुए एवं योगासन करवाएं। आज के तनवयुक्त जीवन में स्वस्थ्य रहने के लिये योग करते रहना बहुत जरूरी हैं। लायन आरपी गुप्ता ने सभी आगंतुकों को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर संभागीय अध्यक्ष लायन कमल शर्मा लायन, अशोक शर्मा, लायन अनिल उपाध्याय, लायन सूरज प्रकाश गुप्ता, लायन विनोद गुप्ता, लायन जवरीलाल अग्रवाल, लायन कमला अग्रवाल, लायन वंदना गोयल, लायन भगवती गुप्ता, लायन मालती खंडेलवाल, आदि उपस्थित थे।

आवासीनि बालिका का विवाह आज

अजमेर, (कासं)। सन् 1895 में स्थापित राजस्थान की सबसे बड़ी व पुरानी स्वयं सेवी संस्था दयानन्द बाल सदन, अजमेर में कल 23 जून 2023 को संस्था की बालिका कु. ललिता आर्या का संस्था के उदारदानी महानुभावों के सहयोग विवाह संस्कार सम्पन्न होगा। विवाह संस्कार को पूर्णत: वैदिक पद्धति के साथ हर्षोल्लास पूर्ण वातातरण में धूम धाम से समारोहपूर्वक करने का निष्चय संस्था की प्रबन्ध समिति ने दिनांक 18 जून का आयोजित हुई अपनी बैठक में लिया था। संस्था की और से प्रबन्धक राजेन्द्र कुमार आर्य ने बताया कि संस्था में लगभग 21 वर्ष पष्चात किसी बालिका का विवाह सम्पन्न किया जा रहा है। संस्था में इससे पूर्व भी स्थापना काल से लेकर अब तक सैकड़ों बालिकाओं का विवाह संस्कार सम्पन्न कराया जा चुका है। संस्था में विवाह संस्कार से एक दिन पूर्व विधिवत् हल्दी व मेंहदी की रस्म सम्पन्न की गई है। विवाह संस्कार की पूर्व संध्या पर बिंदोरी निकालने का कार्यक्रम भी रखा गया है। संस्था के सभी आवासी बालक-बालिकाओं, स्टाफ व पदाधिकारियों में इस विवाह संस्कार को लेकर काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। संस्था में पाणिग्रहण संस्कार सफलता पूर्वक सम्पन्न करवाने हेतु पूर्व आवासी बालक-बालिकाएं भी उपस्थित हो रहे हैं। संस्था प्रबन्धक राजेन्द्र कुमार आर्य ने विवाह संस्कार को सफल बनाने में सहयोग करने वाले सभी उदारदानी महानुभावों का तहे दिल से धन्यवाद ज्ञापित किया।

नताशा को दी श्रद्धांजलि

अजमेर, (कासं)। इंडिया इंटरनेशनल म्यूजिक लवर सोसाइटी द्वारा मिले सुर मेरा तुम्हारा की अनवरत चली आ रही कड़ी में सात सुरों से गीत संगीत से सजी सप्तरंग सुरीली महफिल का आयोजन हुआ। प्राप्त जानकारी के अनुसार अंतर्राष्ट्रीय पिता दिवस, संगीत दिवस और पिकनिक दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में बारिश के बावजूद 30 गायकों ने एक से बढ़कर एक गीत सुनाए। सदस्यों में कुंज बिहारी लाल, ऊषा मित्तल, रशिम मिश्रा, शकील खां कमर जहां , गोपेन्द्र सिंह राठौड़, डॉ दीपा थदानी, लता लख्यानी, प्रकाश जेठरा, रानी चौधरी, कैप्टन माही, वर्षा माथुर, नीरज़ मिश्रा, कुमकुम जैन, श्याम पारीक, गणेश चौधरी, आजाद अपूर्वा, मनीष कुमार कोठारी, राजेश टेकचंदानी, मीना कंजानी, दीपक भार्गव, वंदना मिश्रा, नरेश रतनानी ने पिता संगीत और मौसम पर अपनी अपनी प्रस्तुति दी। दलबीर सिंह के गीत कई बार यूं ही देखा है में राजेश मंजू टेकचंदानी ने शानदार नृत्य किया। ये तो सच है कि भगवान है सामूहिक गीत के साथ गाते रहो मुस्कुराते रहो हंसाते रहो कार्यक्रम के समापन से पूर्व कैंसर से 32 वर्ष की उम्र में स्टार मेकर पर 13 सौ से अधिक गाने और संस्था को लेवल 4 पर पहुंचाने वाली गायिका नताशा के आकस्मिक निधन पर श्रद्धांजलि दी गई।

एलिवेटेड रोड पर दो तरफा यातायात शुरू करने की कवायद

जिला कलैक्टर एवं अजमेर स्मार्ट सिटी लिमिटेड मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. भारती दीक्षित ने विभिन्न प्रोजेक्ट्स का निरीक्षण किया।

अजमेर, (कासं)। जिला कलैक्टर एवं अजमेर स्मार्ट सिटी लिमिटेड मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. भारती दीक्षित और नगर निगम आयुक्त एवं अजमेर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुशील कुमार ने गुरुवार को विभिन्न प्रोजेक्ट्स का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों को मौके पर ही आवश्यक दिशा निर्देश दिए। सबसे पहले स्मार्ट सिटी द्वारा खोले गए सीवरेज लाइन के मिसिंग लिंक का निरीक्षण किया।

जिला कलैक्टर ने प्रमुख रूप से नाका मदार स्थित गांधी नगर एसबीआई के सामने 18 साल पुराने मिसिंग लिंक को देखा। जिसकी गहराई लगभग 28 फुट है। यह मिसिंग लिंक शहर में सबसे गहरा था। जिसे बॉक्स कलवर्ट द्वारा गहराई में जाकर मिसिंग लिंक का कार्य पूर्ण किया गया। इस कार्य के पूर्ण होने पर पुराना बंद पड़ा नेटवर्क उपयोग में आने से 15 सौ हाउस सीवर कनेक्शन कर दिए गए हैं। इसके बाद मेयो लिंक रोड पर शहर का पहला मैन हॉल विथ पम्पिंग का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्हें पंपिंग के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। यह नेटवर्क भी लगभग18 साल पुराना था। इस पंपिंग स्टेशन के कारण बंद पड़ा नेटवर्क असतित्व में आ गया। कार्य पूर्ण होने पर क्षेत्र में लगभग 3 हजार हाउस सीवर कनेक्शन हो चुके हैं। इन दोनों नेटवर्क के कारण क्षेत्र में जल भराव की समस्या कम हो गई। तत्पश्चात जीसीए में बन रहे स्पोर्ट्स हॉल को देखा। उन्होंने जुलाई 23 तक कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। मोनिया पार्किंग में मानसून के दौरान पानी आने की संभावनाओं को देखते हुए स्थाई पंप लगाने के भी निर्देश दिए। सीईओ और एसीईओ ने कलेक्ट्रेट प्रशासनिक भवन का भी निरीक्षण किया। इसके बाद पुरानी पुरानी आरपीएससी के सामने एलिवेटेड रोड पर शुरू होने जा रहे दो तरफा यातायात को देखते हुए तिराहे को चौड़ा करने के लिए सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता को निर्देशित किया। उल्लेखनीय है कि तिराहे की ड्राइंग को सीनियर टाउन प्लानर से अनुमोदन कराने के भी निर्देश दिए। निरीक्षण के पश्चात जिला कलक्टर डॉ. दीक्षित ने स्मार्ट सिटी एवं अन्य विभागों के अधिकारियों की बैठक ली। रिव्यू बैठक में एलिवेटेड रो से संबंधित सभी अधिकारियों को रविवार शाम तक दो तरफा यातायात चालू करने हेतु सभी कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। ताकि सोमवार सुबह से दो तरफा यातायात चालू किया जा सके। इसी प्रकार नसियां के सामने आ रही पाइप लाइन को 5 जुलाई तक पीएचईडी अधीक्षण अभियंता को शिफ्ट करने के निर्देश दिए। संत फ्रांसिस हॉस्पिटील के सामने नाले में आ रही पाइप लाइन को हटाने के लिए तकमीना बनाकर पेश करने के भी निर्देश दिए। टाटा पावर को पाबंद किया कि जहां पर भी रोड काटते हैं वहां रोड कटिंग का चार्ज संबंधित विभाग में जमा कराने के पश्चात ही कार्य आरंभ किया जाए।

पशु चिकित्सा सुविधा मिलेगी

अजमेर, (कासं)। मदारपुरा ग्राम के पशुपालकों के पशुओं को भी अब चिकित्सा सुविधा उपलब्ध रहेगी।पशु चिकित्सा उपकेन्द्र नाकामदार के प्रभारी रामदयाल रावत ने बताया कि मदारपुरा के पशुपालकों के पशुओं की चिकित्सा के लिए स्थानीय स्तर पर सुविधा नहीं थी। पशु चिकित्सा मदारपुरा में उपलब्ध कराने के लिए पशुपालन विभाग के उपनिदेशक डॉ. मनोज माथुर द्वारा प्रयास किए गए।

कार्यालय तहसीलदार (भू.अ.), अजमेर
सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि- प्रार्थी श्री घीसालाल पुत्र श्योजीराम जाति जाट निवासी ग्राम बृजपुरा, तहसील किशनगढ जिला अजमेर ने प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर ग्राम रामनेर ढाणी तहसील अजमेर स्थित खसरा नं0 587 रकबा 0.95, ख0न0 590 रकबा 0.60, ख0न0 590/3296 रकबा 0.07 कुल रकबा 1.82 है0 में से 1/2 हिस्से के खातेदार छोटू पुत्र ज्वारा जाति जाट निवासी रामनेर ढाणी की मृत्यु दिनांक 02.03.2023 को होना बताते हुए उक्त मृतक खातेदार द्वारा प्रार्थी के पक्ष में जारी अपंजिकृत वसीयत दिनांक 04.12.2022 के अनुसार उपरोक्त वर्णित भूमि का नामा0 स्वयं के नाम दर्ज करने हेतु निवेदन किया गया है। पटवारी हल्का की रिपोर्ट अनुसार वसीयत में उल्लेखित भूमि स्वअर्जित है। वसीयतकर्ता के वारिसान में से केवल हेमराज पुत्र बोदू अर्थात वसीयतकर्ता के पौत्र द्वारा प्रार्थी घीसालाल पुत्र श्योजीराम जाति जाट के पक्ष में नोटेरीशुदा अभिस्वीकृति प्रलेख जारी किया है, जबकि वसीयतकर्ता के अन्य वारिसान द्वारा इस प्रकार का कोई प्रलेख प्रस्तुत नहीं किया है। सूचित रहे। तहसीलदार, अजमेर

प्राधिकृत अधिकारी कार्यालय, नगर परिषद किशनगढ, अजमेर

क्रमांक/नपकि/प्रा.अ./कृ.भू.नि./2022/198 दिनांक : 22-06-2023

लोक सूचना

आवेदक श्री रजत टांक पुत्र श्री मनीष टांक निवासी- टांक मेन्शन बालाजी की बगीची के पीछे, भाट मोहल्ला, मदनगंज किशनगंज जिला अजमेर राजस्थान ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का औद्योगिक प्रयोजनार्थ गैर-कृषिक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वाचन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात

तहसील और जिले का नाम	राजस्व ग्राम का नाम	खसरा सं.	क्षेत्रफल
किशनगढ-अजमेर	संवतसर	909/135	कुल क्षेत्रफल 0.4993 हेक्टेयर यानि 4993.00 वर्गमीटर

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के दिन के भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज .....को जारी की गयी। प्रभारी, नगर परिषद किशनगढ

कार्यालय अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर
आम सूचना

श्रीमती भारती सोनी पत्नी श्री राजकुमार सोनी ने आवास संख्या 282 ज्वाला प्रसाद नगर (EWS) की लीज डीड हेतु आवेदन किया है। मूल आवंटी श्री राधेश्याम बाथम पुत्र श्री माताहीन बाथम ने उक्त आवास जरिये अपंजीकृत इकरारनामा दिनांक 07.03.1997 से श्री गोपालदास पुत्र श्री भोजूमल को विक्रय कर दिया। श्री गोपालदास पुत्र श्री भोजूमल ने उक्त आवास जरिये अपंजीकृत इकरारनामा दिनांक 15.01.2014 से श्रीमती भारती सोनी पत्नी श्री राजकुमार सोनी को विक्रय कर दिया। प्रार्थीया ने स्वयं को उक्त आवास का अंतिम क्रेता बताया है। अत: पश्चातवर्ती क्रेता को हस्तान्तरण पर अंतिम क्रेता के नाम सीधे ही पंजीयन के सम्बन्ध में वित विभाग की अधिसूचना दिनांक 24.02.2021 के क्रम में एंवम राज्य सरकार के आदेश क्रमांक प.3(1201) नविवि/3/2012 दिनांक 24.03.2021 की अनुपालना में उक्त आवास संख्या 282 ज्वाला प्रसाद नगर (EWS) श्रीमती भारती सोनी पत्नी श्री राजकुमार सोनी के नाम लीज डीड जारी किये जाने से किसी को आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के 7 दिवस में मय दस्तावेजों के शपथ पत्र सहित अधोहस्ताक्षरकर्ता को आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। अवधि समाप्ति के पश्चात कोई भी उजर दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा एंव उक्त आवास संख्या 282 ज्वाला प्रसाद नगर नगर (EWS) की श्रीमती भारती सोनी पत्नी श्री राजकुमार सोनी के नाम परिवर्तन कर लीज डीड जारी कर दी जायेगी। योजना प्रभारी अजमेर विकास प्राधिकरण अजमेर

कार्यालय नगर निगम, अजमेर
आपत्ति सूचना

क्रमांक: न.नि.अ./23-24/446 दिनांक: 22.06.2023

श्रीमती पूनम जैनानी पत्नी श्री वासदेव जैनानी, निवासी ए3/13, अरावली विहार फ्रेंड्स कॉलोनी, वैशालीनगर, अजमेर द्वारा एक सम्पति जिस पर ए.एम.सी. नं. 16/517=16/1162 531/34 559/15 नया लगा हुआ है, जो वाके श्रीनगर रोड, अजमेर में स्थित है। जिसका कुल क्षेत्रफल 180.07 व.मी. है। भूमि के वर्तमान मास्टर प्लान 2033 के अनुसार व्यावसायिक मानचित्र स्वीकृति हेतु निर्धारित प्रपत्र में इस कार्यालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। प्रस्तावित भू-भाग की सीमाएं निम्नानुसार हैं:-
पूर्व-सम्पति श्री कमल सेठ की, पश्चिम-सम्पति ए.ई. कॉन्ट्रेक्टर, उत्तर- नाला, दक्षिण-रास्ता आम श्रीनगर रोड
अत: जरिए इस सूचना के पूर्व सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि किसी भी व्यक्ति/संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर-अन्दर किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में ठोस दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। बाद मियाद किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा।
उपायुक्त, नगर निगम, अजमेर

पुष्कर फीडर का निरीक्षण

अजमेर जिला परिषद् के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ललित गोयल ने पुष्कर फीडर का अवलोकन किया।

अजमेर, (कासं)। जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ललित गोयल ने आज पुष्कर सरोवर में पानी की आवक के लिए बनाए गए पुष्कर फीडर का अवलोकन किया।

पुष्कर सरोवर में पानी की आवक को लेकर बनाए गए फीडर में मिट्टी तथा गंदगी जमा हो गई थी ऐसे में बारिश आने से पूर्व ही महात्मा गांधी नरेगा योजना अंतर्गत फीडर सफाई कार्य को प्राथमिकता से लिया गया। फीडर सफाई कार्य के लिए ग्राम पंचायत कानस , देवनगर तथा गनाहेड़ा पंचायत द्वारा प्रस्ताव तैयार कर जिला परिषद आने के बाद कार्य स्वीकृत हेतु जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ललित गोयल ने अजमेर जिला कलेक्टर भारती दीक्षित को भेजा स्वीकृति के पश्चात पुष्कर फीडर की सफाई कार्य को शूरू किया गया ।

बारिश पुर्व फीडर की सफाई से हाल ही में आये चक्रवात तूफान के दौरान आई बारिश का सारा पानी सुगमता से पुष्कर सरोवर में पहुंचे से पुष्कर सरोवर पानी से लबालब हो गया।

अजमेर जिला परिषद सीईओ ललित गोयल ने पंचायत समिति के विकास अधिकारी विजय सिंह चौहान के साथ पुष्कर फीडर का अवलोकन किया, इस दौरान गोयल ने आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

ललित गोयल ने कार्यभार संभालाते ही ग्राम पंचायत क्षेत्र में स्थाई परिसम्पतियों के निर्माण तथा शिक्षा को बढावा देने की गतिविधियों के साथ-साथ, जल सरंक्षण के कार्यों को प्राथमिकता से लिया है, अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर भी महात्मा गांधी नरेगा योजना अंतर्गत पंचायत स्तर पर बनाये गये अमृत सरोवर पर योग दिवस मनाया गया। सीईओ ललित गोयल ने फीडर में पानी की आवक मार्ग को दुरुस्त करने सहीत फीडर के आस पास मिट्टी कटाव से बचाव हेतु पौधारोपण करने हेतु निर्देश दिये।

आरोपियों को जेल

भीलवाड़ा। शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र में रेडिमेड गारमेंट शॉप से चोरी हुए कपड़े गिरफ्तार तीन में से दो आरोपितों के घरों से, जबकि तीसरे आरोपित से वारदात में काम लिया रस्सा बरामद किया गया है। तीनों को रिमांड खत्म होने पर जेल भेज दिया गया।

नाम परिवर्तन

मैंने विवाहोपरान्त अपना नाम ज्योति थदानी से बदलकर तन्वी रूपानी रख लिया है। भविष्य में सभी उद्देश्यों के लिए इसी नाम से जाना व पहचाना जावे। तन्वी रूपानी पत्नी कमल रूपानी, एल-17, सागर विहार कॉलोनी, वैशाली नगर, अजमेर (राज.) - 137

कार्यालय नगर परिषद किशगनढ (अजमेर) राजस्थान

क्रमांक: न.प.कि/भू-उपयोग परिवर्तन/2023/193 दिनांक- 22-6-23

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर परिषद किशनगढ़ में निम्न भूखण्ड का वितरण भूखण्ड क्षेत्रफल 150.00 वर्गगज भूमि का आवासीय से वाणिज्यिक प्रयोजनार्थ भू-उपयोग परिवर्तन प्रकरण विचाराधीन है। अत: निम्न खसरा नम्बर 706/2858 के भूखण्ड नियमन में संबंधित किसी व्यक्ति/ संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशन की दिनांक से 07 दिवस में इस कार्यालय को लिखित में आपत्तियां/ कारण/विवरण सहित कार्यालय समय में दर्ज करावें।

क्रसं.	प्रार्थी का नाम	राजस्व ग्राम का नाम एवं खसरा	क्षेत्रफल/रकबा भूखण्ड संख्या	प्रस्तावित भू-उपयोग
1.	श्रीमती लक्ष्मी वैष्णव पत्नी श्री हेमराज वैष्णव निवासी- आदित्य मिल परिसर के पश्चिम दिशा की ओर अजमेर रोड मदनगंज किशनगढ जिला अजमेर राजस्थान	सावंतसर खसरा नं. 706/2858	कुल क्षेत्रफल 150.00 वर्गगज	आवासीय से व्यावसायिक प्रयोजनार्थ

आयुक्त/प्रभारी नगर परिषद किशगनढ

आम सूचना

मेरी मां देऊ उर्फ देबू पत्नी कानाराम गुर्जर टिहरी तहसील किशनगढ़ जिला अजमेर की मृत्यु दिनांक 28 अप्रैल 2022 को निवास स्थान पर हो गई, इनका मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने के लिये तहसील कार्यालय किशनगढ़ में आवेदन किया है। इस संबंध में किसी को आपत्ति हो तो 7 दिवस में अपनी आपत्ति तहसीलदार किशनगढ़ के समक्ष दर्ज कराये, बाद मियाद कोई भी एतराज स्वीकार नहीं होगा।

प्रार्थी-लालाराम गुर्जर
पुत्र लालाराम गुर्जर गांव टिहरी

प्राधिकृत अधिकारी कार्यालय नगर परिषद, ब्यावर

क्रमांक/नियमन/2023-24/136 दिनांक 30/4/2023

लोक सूचना

निम्नांकित खातेदारों ने इस कार्यालय में नीचे उल्लेखित भूमि का गैर कृषिक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात-

क्र. सं.	आवेदक का नाम	ग्राम	खसरा नं.	क्षेत्रफल हैक्टेयर में
1	1. अभिनव तंवर पुत्र लक्ष्मीनारायण तंवर हिस्सा 1/2 जाति राजपूत सा. 121, सूरज कॉलोनी, मेवाडी गेट बहार तहसील ब्यावर खातेदार। 2. अभिषेक तंवर पुत्र लक्ष्मीनारायण तंवर हिस्सा 1/2 जाति राजपूत सा 505, रामभरोस कॉलोनी, विजयनगर रोड, सेदरिया तहसील ब्यावर खातेदार।	ठीकराना गूजरान	651/102 652/102 667/102 669/102	0.2428 हैक्टेयर 0.1716 हैक्टेयर 0.6218 हैक्टेयर 0.0995 हैक्टेयर

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90 (क) और राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1955 की धारा 63 के अधिन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 07 दिन के भीतर भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष के समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपयुक्त नियत समय के भीतर,-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है व तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधिन आज दिनांक 30/04/2023 को जारी की गई।
प्राधिकृत अधिकारी नगर परिषद ब्यावर

कॉलोनियों से पानी निकालने की गति बढ़ाएं : देवनानी

अजमेर, (कासं)। पूर्व शिक्षा राज्य मंत्री और अजमेर उत्तर विधायक वासुदेव देवनानी ने बिपरजोय तूफान के चलते तेज बारिश में डूबी शहर की विभिन्न कॉलोनियों में जमा पानी को निकालने के काम को गति देने की मांग की है।

देवनानी ने कहा की 96 घंटो के बाद भी शहर की कई कॉलोनियां जिसमे सागर विहार, वन विहार, अरिहंत कॉलोनी, महावीर कॉलोनी सहित लिंक रोड चौपाटी पर अभी भी जलभराव के हालत है जिससे वहां रहने वाले लोगो की परेशानियां बढ़ती जा रही है। देवनानी ने प्रशासन से इन इलाकों से जल्द पानी निकासी के बंदोबस्तों में तेजी लाने के लिए कहा है। साथ ही जलभराव के चलते फैली गंदगी के कारण वहां बीमारियां बढ़ने का भी खतरा बताते हुए मेडिकल टीम से भी सर्वे कराने की मांग की।

देवनानी ने विभिन्न जलभराव वाली कॉलोनियों का दौरा करने के साथ ही दो दिन पहले तेज बारिश के चलते डिग्गी चौक झूला मोहल्ला के गिरे मकान का भी दौरा किया और वहा दो दिन से मलबा नही उठाए जाने के कारण परेशान स्थानीय लोगो से बात की। देवनानी ने मलबा नही उठाए जाने पर तुरंत निगम आयुक्त सुशील कुमार से फोन पर बात की। साथ ही मकान ने क्षत्रिग्रस्त होने के कारण बेघर हुए 4 किरायेदार परिवारों के पुनर्वास के लिए प्रशासन को कहा जिससे उनके रहने, खाने-पीने की व्यवस्था हो सके। बिपरजोय तूफान के कहर ने प्रशासन को सबक सिखाया है की आने वाले मानसून के लिए किस तरह की तैयारी करनी है, और इसके लिए अभी से प्रशासन को कमर कसते हुए सभी व्यवस्थाएं पुख्ता करनी चाहिए जिससे इस तरह की परेशानी का सामना शहरवासी दुबारा ना कर सके। इसके लिए देवनानी ने निगम आयुक्त से नालों की सफाई जल्द शुरू करने के साथ जलभराव कॉलोनियों में अभी से सर्वे कराकर एहतियात कदम उठाने के लिए कहा है।

सहायता दी

अजमेर, (कासं)। अंजुमन सैयदजादगान खुद्दामे ख्वाजा साहब दरगाह शरीफ, अजमेर का एक प्रतिनिधिमण्डल ने जिलाधीश डॉ भारती दीक्षित से मुलाकात कर उडीसा में हुये भीषण ट्रेन हादसे में घायलों की मदद के लिये पीएम सहायता कोष में ढाई लाख रूपये का चैक सौंपा है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार उडीसा में हुए दर्दनाक ट्रेन हादसे में मारे गये व्यक्तियों के लिए हज़रत ख्वाजा गरीब नवाज़ (र.अ.) की बारगाह में दुआ की गई और और घायल हुए व्यक्तियों के लिए जल्द से जल्द सेहतयाब होने की दुआ की गई।

निःशुल्क खाद बीज का वितरण

अजमेर, (कासं)। राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान द्वारा स्वरोजगार व सीमांत किसानों को बेहतर कृषि आजीविका सहायता देने हेतु खाद बीज का वितरण कार्यक्रम पंचायत समिति श्रीनगर के ग्रामीण क्षेत्र बनवेडा,बुबानिया, धोलादांता, मोतीपुरा, भोमा का बाडीया, लक्ष्मीपुरा में आयोजित किया गया जिसमें 32 किसानों को 10 किलोग्राम खाद, हाइब्रिड बीज (मूंगफली, बाजरा, मक्का, गुवार, धनिया, ज्वार) आदि का वितरण किया गया।

आम सूचना

मेरे पिता गोपी पुत्र पांचू जाति बैरवा निवासी ग्राम मान्डियावड़ खुर्द की मृत्यु दिनांक 07-08-2019 को मेरे निवास स्थान ग्राम मान्डियावड़ खुर्द में हो गई थी। जिसका पूर्व में इन्द्राज ग्राम पंचायत काकलवाड़ा में नहीं करवाया था। अब मैं मेरे गोपी बैरवा का मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए अरांई तहसील कार्यालय में आवेदन किया है। मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए जिस किसी को आपति हो तो 7 दिन में मय दस्तावेज के साथ अरांई तहसीलदार के समक्ष स्वयं उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। बाद मियाद कोई भी आपति स्वीकार नहीं होगी।

-प्रार्थी नवरत्न पुत्र गोपी बैरवा
निवासी ग्राम मान्डियावड़ खुर्द
तहसील अरांई (अजमेर)

क